आज कनकहा स्थित सरदार पटेल इंस्टिट्यूट ऑफ़ आयुर्वेदिक मेडिकल साइंसेज के चेयरमैन श्री अनुराग सिंह (भाजपा विधायक , चुनार) एवं सेक्रेटरी डॉ स्नेहलता सिंह के आह्वाहन पर विश्व पर्यावरण दिवस का भव्य रूप से आयोजन किया गया। जिसमे डॉ रोहित सिंह (जनरल मनेजेर) , डॉ अमिता चतुर्वेदी (प्रधानाचार्या) , डॉ रत्नेश सिंह , डॉ उदय कुमार गोयल , डॉ धर्मेन्द्र शुक्ला , डॉ सोमनाथ , डॉ जयदीप कुमार वर्मा, डॉ राजीव सिंह, डॉ राशि , डॉ सोनम , डॉ स्वयंप्रभा सहित समस्त डाक्टरो एवं स्टाफ ने वृक्षारोपण किया। डॉ उदय कुमार गोयल ने वृक्षारोपण से पर्यावरण संतुलन तथा एयर क्वालिटी इंडेक्स मे सुधार का महत्त्व समझाया , तथा डॉ सोमनाथ ने बताया कि कॉलेज के हर्बल गार्डन मे बिभिन्न औषधीय पौधे लगे हैं, हर्बल गार्डेन की तरह आम जनमानस को भी अधिक से अधिक औषधीय वृक्ष लगाने चाहिए, जिससे कोरोना जैसी संक्रामक बीमारियों के फैलने के अवसर उसके उपचार एवं बचाव हेतु कारगर एवं गुणवत्ता पूर्ण औषधिया सर्वसुलभ हो सके ।